# किसानों के मुद्दों को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**विस चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा**

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा, 3 जून 2026. मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह ने सिवनी मालवा प्रवास के दौरान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया.**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य प्रदेश में पुन: सरकार बनाना है और पार्टी इसके लिए पूरी मजबूती के साथ कार्य कर रही है. सिवनी मालवा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण रघुवंशी के नेतृत्व में उनका स्वागत किया. उन्होंने गांधी चौक पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी रणनीति पर चर्चा की. कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत (गुड्डन) पांडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे. उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि टिकट किसी को भी मिले, पार्टी का लक्ष्य 2028 में कांग्रेस की सरकार बनाना होना चाहिए. बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुट होकर चुनावी तैयारी में जुटी हुई है.

राज्यसभा चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग की कोई चिंता नहीं है और पार्टी के विधायक तथा कार्यकर्ता संगठन के निर्णयों के साथ खड़े हैं. कांग्रेस में गुटबाजी के आरोपों को भी उन्होंने खारिज करते हुए कहा कि मतभेद किसी भी राजनीतिक दल में हो सकते हैं, लेकिन पार्टी की एकता मजबूत है. किसानों के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसानों से कई वादे किए जाते हैं, लेकिन आज किसान अनेक समस्याओं का सामना कर रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और सरकार को उनके हित में प्रभावी कदम उठाने चाहिए.




### गांव-गांव जाकर लोगों को करें जागरूक : अजय

**हरदा.** मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वर्तमान विधायक अजय सिंह जी का दो दिवसीय हरदा जिले का दौरा कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस दौरान उन्होंने जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के घर पहुंचकर चर्चा की तथा आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में प्रदेश एवं देश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए सभी को संकल्प दिलाया. कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया ने जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं से संवाद करते हुए कहा कि समय बहुत कम है और हमें अपने-अपने गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करना होगा. उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से सरकार किसानों, गरीबों और आमजन का शोषण कर रही है.

# यातायात जागरूकता के लिए लगाए बोर्ड

**सड़क सुरक्षा और दुर्घटना बचाव हेतु हरदा पुलिस की पहल**




**हरदा, 03 जून. सिविल लाइन पुलिस ने थाना अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शशांक द्वारा वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एक्सीडेंटल स्पॉट पर सूचना बोर्ड स्थापित करने के दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं.**

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा हरदा तथा एसडीओपी हरदा शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन आर एस तिवारी द्वारा थाना क्षेत्र के सर्वाधिक वाहन दुर्घटना वाले स्थानों को चिन्हित कर विशेष सूचना बोर्ड स्थापित किए गए हैं.

इन सूचना बोर्डों के माध्यम से थाना क्षेत्र में घटित सड़क दुर्घटनाओं, दुर्घटनाओं में मृत एवं घायल व्यक्तियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है, जिससे आमजन सड़क सुरक्षा के महत्व को समझ सकें तथा वाहन चलाते समय यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करें. सूचना बोर्डों पर वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन न करने संबंधी संदेश भी अंकित किए गए हैं। साथ ही बोर्डों पर आवश्यक मोबाइल नंबर प्रदर्शित किए गए हैं, जिन पर किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना, आपातकालीन स्थिति अथवा अन्य घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी जा सकती है। पुलिस का उद्देश्य दुर्घटना की सूचना शीघ्र प्राप्त कर समय पर सहायता उपलब्ध कराना तथा जनहानि को न्यूनतम करना है।

सिविल लाईन पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवारजनों एवं परिचितों को भी सुरक्षित वाहन संचालन के लिए प्रेरित करें।

यातायात नियमों के पालन से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है तथा मानव जीवन को सुरक्षित बनाया जा सकता है। सिविल लाइन थाना प्रभारी आरक एस तिवारी ने बताया कि में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात जागरूकता हेतु सूचना बोर्ड स्थापित किए गए।

## एक नजर में

### आरोह समर कैंप का समापन




**नर्मदापुरम.** माखननगर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह का समापन किया गया। एक माह चले इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 52 बच्चों ने रोप स्किपिंग वॉलीबॉल खो खो एवं कबड्डी का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया इसके पश्चात खेल प्रशिक्षकों एवं सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह एवं वर्मा बंधुओं द्वारा सभी को पेन प्रदान किए गए। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष फूलचंद यादव लालचंद यादव पार्षद निरंजना रावत समाज सेवी दीपक वर्मा संजय वर्मा थाने से एस आई अशोक पाठौरे हरीश मालवीय एवं शिक्षा विभाग से रमन गोस्वामी राजेश मालवीय प्रकाश अहिरवार व खेल शिक्षक राजेश मांझी नैना शर्मा पियूष कहार सुजल शर्मा सानिध्य यादव दुर्गेश साहू मौजूद रहे पाठौरे सर द्वारा सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ खेल शिक्षक सुनील शर्मा द्वारा व आभार प्रदर्शन खेल युवा कल्याण विभाग ब्लाक समन्वयक सुषमा अहिरवार द्वारा किया गया.

### साइकिलिस्ट सौरभ दुबे का हुआ सम्मान



**इटारसी.** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर उड़ान श्री वेलफेयर सोसायटी द्वारा शहर के सक्रिय साइकिलिस्ट सौरभ दुबे का सम्मान किया गया. संस्था ने उनके फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण की सराहना की. संस्था के सचिव आशीष भदौरिया ने बताया कि सौरभ दुबे पिछले 56 सप्ताह से लगातार साइकिल चलाकर जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं. उन्होंने साइकिलिंग को स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम बनाते हुए समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है. सम्मान समारोह में संस्था की अध्यक्ष जागृति भदौरिया, सचिव आशीष भदौरिया, बृजमोहन सिंह सोलंकी, बालकृष्ण मालवीय, हनीफ खान सहित संस्था के अनेक सदस्य और युवा उपस्थित रहे. इस अवसर पर सौरभ दुबे ने अपने साइकिलिंग अनुभव साझा करते हुए कहा कि नियमित साइकिल चलाने से न केवल स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है. उन्होंने युवाओं से दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया.

### टीआई बुंदेला को मिलेगा केएफ रुस्तमजी पुरस्कार



**इटारसी.** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल ने वर्ष 2022-23 के लिए राज्य के प्रतिष्ठित के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार की घोषणा कर दी है. इस सम्मान के लिए नर्मदापुरम जिले के इटारसी में पदस्थ थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला का चयन अति विशिष्ट श्रेणी में किया गया है. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा 3 जून 2026 को जारी आदेश के अनुसार, इस वर्ष परम विशिष्ट श्रेणी में किसी अधिकारी का चयन नहीं हुआ है, जबकि अति विशिष्ट श्रेणी में पूरे प्रदेश से केवल दो पुलिस अधिकारियों को चुना गया है. इनमें टीआई गौरव सिंह बुंदेला का नाम शामिल है. इस सम्मान के तहत मध्य प्रदेश शासन के गृह विभाग की सहमति से गौरव सिंह बुंदेला को 12 बोर गन एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा. यह पुरस्कार पुलिस अधिकारियों की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली, कर्तव्यनिष्ठा और उल्लेखनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है. गौरव सिंह बुंदेला के चयन की घोषणा के बाद नर्मदापुरम जिले और इटारसी पुलिस महकमे में खुशी का माहौल है. अधिकारियों और कर्मचारियों ने इसे जिले के लिए गौरव का विषय बताया है. उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और प्रभावी कार्यशैली को देखते हुए उन्हें प्रदेश स्तर के इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है.

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**नर्मदापुरम.** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट), नर्मदापुरम ने आरोपी तिरथ को दोषी ठहराते हुए कठोर दंड सुनाया है.न्यायालय ने आरोपी को धारा 65 (ए) बीएनएस के तहत 20 वर्ष के कारावास तथा धारा 5 (एन)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2-2 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है. दंड साथ-साथ आजीवन कारावास भुगतना होगा. अभियोजन के अनुसार पीड़िता को आरोपी घूमने के बहाने एक होटल में ले गया, इसके बाद आरोपी पीड़िता को अपने घर ले गया और वहां भी कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया. विशेष लोक अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी लखन सिंह भवेदी द्वारा की गई.

# करबला घाट निर्माण कार्य का सीएमओ ने किया निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 3 जून. मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने बुधवार को करबलाघाट पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने बीटीआई क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क का भी अवलोकन किया.**

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने संबंधित निर्माण एजेंसी को कार्य निर्धारित समय-सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए तथा तय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए. उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि करबलाघाट और बीटीआई क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें. निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा भी की गई.

ऑपरेशन भाई फोन में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 5 लाख के 25 गुम मोबाइल मालिकों को लौटाए

**नर्मदापुरम/सोहागपुर, 03 जून. सोहागपुर थाना द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन भाई फोन के तहत गुम मोबाइल फोन तलाशने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.**

पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस. थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं एसडीओपी संजू चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राहुल रायकवार के नेतृत्व में गठित टीम ने पिछले पांच माह में प्राप्त 41 शिकायतों में से 25 गुम मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को वापस सौंप दिए.बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये है. भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रैक और ब्लॉक करने में सहायता मिलती है. इसी तकनीकी प्रणाली का उपयोग करते हुए पुलिस ने गुम मोबाइलों की तलाश कर उन्हें बरामद किया. शेष 16 मोबाइलों की खोज जारी है और उन्हें भी जल्द शिकायतकर्ताओं को लौटाने का प्रयास किया जा रहा है. इसी अभियान के तहत चंचल कहार का वन प्लस कंपनी का लगभग 25 हजार रुपये मूल्य का मोबाइल भी खोजकर वापस किया गया. अभियान की सफलता में थाना प्रभारी राहुल रायकवार, सहायक उपनिरीक्षक गणेश राय एवं आरक्षक अजमेर सिंह परिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही.



# विश्व पर्यावरण दिवस पर हुई संगोष्ठी

नवभारत न्यूज

**पिपरिया, 03 जून. विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत रेल्वे स्वास्थ्य केन्द्र एवं कार्यालय मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक में एक संगोष्ठी का आयोजन ईवेस्ट से पर्यावरण को होने वाले नुकसान एवं उचित निपटारा शीर्षक अंतर्गत आयोजित की गई.**




विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी का संचालन करते हुए मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक मनोज जवार ने उपस्थित रेल कर्मचारियों को बताया कि जैसे जैसे हम आधुनिकता की ओर बढ रहे है,वैसे वैसे हम सुविधा भोगी होते जा रहे है जैसे विज्ञान नित्य नई तरक्की कर रहा है हमारे जीवन में विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रोनिक्स गेजेटस का समावेश ज्यादा से ज्यादा हो गया है। चाहे मोबाइल हो,टेलीविजन हो,टेपरिकार्ड हो,घडिया़ हो,कैलकुलेटर हो,लेपटाप हो आदि अनेक ईगेजेटस का इस्तेमाल भी बढ गया है जिससे निकलने वाले कचरे को अक्सर लोग असावधानी पूर्वक फैंक देते है जिसके परिणाम स्वरूप पर्यावरण को अनेक प्रकार से नुकसान होता है उन गेजेटस से उपस्थित विषाक्त धातुये जैसे कैडमियम, सीसा आदि एवं विषैली गैस पर्यावरण में पानी,हवा,मिट्टी के साथ मिलकर पर्यावरण को क्षति पहुंचाते है और पर्यावरण से जुड़े सभी जीवजंतुओ को इससे खतरा उत्पन्न हो गया है. ऐसे में ईप्रदूषको का सुरक्षित निष्पादन एवं रीसाइक्लिंग आवश्यक हो गया है.

इस अवसर पर डॉ.आरआर कुर्रे ने कहा कि ईवेस्ट विभिन्न क्षेत्रो में बढ रहा है उसके साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में भी ईवेस्ट निकल रहा है. उन्होने उदाहरण के तौर पर बताया कि यदि किसी मरीज को पेसमेकर लगा है और उसकी कालांतर में मृत्यु हो जाती है तो उसकी अंत्येष्ठी से पहले उसके शरीर में लगे हुए पेसमेकर को रिमूव कर उसका उचित निपटान आवश्यक है.

# राम वाटिका पार्क में सुविधाओं का अभाव, लोगों ने उठाई मांग

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा. नगर का प्रमुख सार्वजनिक स्थल राम वाटिका पार्क इन दिनों मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है. जनसहयोग से विकसित इस पार्क में पानी, बिजली, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के अभाव के कारण यहां आने वाले नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.**

स्थानीय नागरिकों के अनुसार पार्क में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं, युवा और बच्चे सैर, व्यायाम और स्वास्थ्य लाभ के लिए पहुंचते हैं. बावजूद इसके पार्क के रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है. जागरूक नागरिक वीरेन्द्र मालवीय सहित अन्य लोगों का कहना है कि कई बार पार्क की सफाई स्वयं नागरिकों को करनी पड़ती है, जबकि नियमित सफाई की जिम्मेदारी नगर परिषद की होनी चाहिए.



# भाजपा ने की आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 3 जून भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी की मासिक बैठक बुधवार को आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई.**



बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले जन-कल्याणकारी एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों पर विशेष मंथन किया गया. कार्यकर्ताओं को आगामी अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए.

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री एवं नगर मंडल इटारसी की प्रभारी रीता सिंह ठाकुर उपस्थित रहीं. उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया. मंडल के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि, सक्रिय कार्यकर्ता तथा वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे.



# गाय को 'राष्ट्र माता' घोषित करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 3 जून . मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ने जिला अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अथर खान के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गाय को 'राष्ट्र माता' घोषित करने तथा सशक्त गोवंश संरक्षण कानून बनाने की मांग की.**

ज्ञापन में कहा गया कि सनातन परंपरा में गाय को करुणा, पालन-पोषण और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है. परिषद ने मांग की कि केंद्र सरकार गोवंश संरक्षण को लेकर प्रभावी और कठोर कानून बनाए तथा गाय को राष्ट्रहित में 'राष्ट्र माता' का दर्जा प्रदान करने पर विचार करे. ज्ञापन में बूढ़ी और कमजोर गायों की खरीद-फरोख्त पर प्रतिबंध लगाने, गोवंश मांस के निर्यात पर रोक लगाने, गौशालाओं को विशेष संरक्षण एवं आर्थिक सहायता देने तथा जैविक खेती और गौ-आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने की मांग भी की गई.

### 51 रन से जीता राजेन्द्र क्लब

**इटारसी.** गांधी मैदान में लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित अंडर-17 जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार शुभारंभ हुआ. मुकाबले में राजेन्द्र क्लब ने जीनियस एकेडमी को 51 रन से हराकर विजयी शुरुआत की. राजेन्द्र क्लब ने 15 ओवर में 6 विकेट पर 160 रन बनाए, जिसे विपक्ष टीम पूरा नहीं कर सकी.

**समीक्षा बैठक** | नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, साइबर तहसील प्रकरण, अभिलेख दुरुस्ती पर दिया जोर

# एसडीएम विजय राय ने की राजस्व विभाग की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा. जनपद पंचायत सभागार में बुधवार को आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में एसडीएम विजय राय ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों और कर्मचारियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए.**

बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, साइबर तहसील प्रकरण, अभिलेख दुरुस्ती, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, स्वामित्व योजना, फार्मर आईडी, जनसुनवाई, फसल गिरदावरी, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनगणना, नगरीय क्षेत्र सर्वे तथा वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने सहित विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई.

एसडीएम विजय राय ने कहा कि राजस्व मामलों का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता है. उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और जनसुनवाई से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा आम नागरिकों को सरल और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.

उन्होंने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, राजस्व अभिलेखों को अद्यतन रखने और त्रुटियों के शीघ्र सुधार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि भूमि संबंधी रिकॉर्ड की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए. साथ ही स्वामित्व योजना और फार्मर आईडी के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए.

बैठक में तहसील क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक, पटवारी, प्रवाचक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे. एसडीएम ने अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का आह्वान किया.

### ग्राम चौतलाय का संयुक्त निरीक्षण

**सिवनी मालवा.** एसडीएम विजय राय के नेतृत्व में बुधवार को ग्राम चौतलाय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया. निरीक्षण का उद्देश्य विकास कार्यों की प्रगति का आकलन करना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना था.निरीक्षण दल में तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नायब तहसीलदार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के एसडीओ, सीपीओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी शामिल रहे. अधिकारियों ने मंदिर परिसर, तालाब, सड़क निर्माण कार्यों तथा अन्य विकास गतिविधियों का निरीक्षण कर उनकी गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की. इस दौरान निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र का भी जायजा लिया गया. एसडीएम विजय राय ने स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य को समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है.

**OFFICE OF LABOUR COURT-NARMADAPURAM (M.P.) NOTICE**

W.C.Case No.-05/WCA/23"NF"

WHERESA a claim for comepensation has been made **सतीश यादव** applicant against You for compensation. You are herby informed to appear in this court in person or by pleaser duly instructed and able to answer all material question relevant to the application or who shall be accompained by some person to answer the question on- **दिनांक 23-07-26** 11.00 a.m. in the LABOUR COURT, NARMADAPURAM to contest the claim for compensation made by the said applicant.TAKE NOTICE that in default of your appearance on the day before mentioned the suit will be heard and determined in your absence.Give under my hand the seal of the court this **दिनांक 26-05-26**

**आयुक्त**
**कर्मकार प्रतिकर अधिनियम**
**श्रम न्यायालय,नर्मदापुरम मप्र**

**OFFICE OF LABOUR COURT-NARMADAPURAM (M.P.) NOTICE**

W.C.Case No.-04/WCA/23"NF"

WHERESA a claim for comepensation has been made **भागचंद यादव** applicant against You for compensation. You are herby informed to appear in this court in person or by pleaser duly instructed and able to answer all material question relevant to the application or who shall be accompained by some person to answer the question on- **दिनांक 23-07-26** 11.00 a.m. in the LABOUR COURT, NARMADAPURAM to contest the claim for compensation made by the said applicant.TAKE NOTICE that in default of your appearance on the day before mentioned the suit will be heard and determined in your absence.Give under my hand the seal of the court this **दिनांक 26-05-26**

**आयुक्त**
**कर्मकार प्रतिकर अधिनियम**
**श्रम न्यायालय,नर्मदापुरम मप्र**

In The Court of III Additional District Judge,
Itarsi, District Court, Hoshangabad
Presiding Officer: श्री आदित्य रावत
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(MJC /0000027/2025)
हरगोविंद यादव .........वादी
Vs
भारतीय स्टेट बैंक शाखा इटारसी द्वारा शाखा प्रबंधक........प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक- 16/06/2026

प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण अन्य सर्वसाधारण पता - समाचार पत्र नवभारत इटारसी जिला नर्मदापुरम मप्र

यह कि प्रार्थी हरगोविंद यादव ने आपके विरूद्ध आवेदन अंतर्गत धारा 53 एवं 54 मानसिक स्वास्थ्य अधि. 1987 के लिये वाद संस्थित किया है . आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें. आज तारीख 27 May 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालयीन मुद्रा** **आदित्य रावत**
तृतीय जिला न्यायाधीश
इटारसी जिला नर्मदापुरम मप्र

**टिप्पणी** -आवेदन की प्रति संलग्न
**कृपया ध्यान दें-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा.